BIHAR BOARD CLASS – 10

2019

SOCIAL SCIENCE

प्रथम पाली (First Sitting)

समय : 2 घंटे 45 मिनट] [पूर्णांक : 80

खण्ड-अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न- संख्या 1 से 40 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिनमें से एक सही है। अपनी द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR शीट पर चिन्हित करें।

1. सविनय अवज्ञा आंदोलन किस यात्रा से शुरू हुआ ?

(A) 1920, भुज

(B) 1930, अहमदाबाद

(C) 1930, दांडी

(D) इनमें से कोई नहीं

2. जलियाँवाला बाग हत्याकांड, कब हुआ ?

(A) 13 अप्रैल, 1919

(B) 14 अप्रैल, 1919

(C) 15 अप्रैल, 1919

(D) 16 अप्रैल, 1919

3. 'वेदों की ओर लौटो' नारा किसने दिया था ?

(A) राम कृष्ण परमहंस

(B) स्वामी विवेकानन्द

(C) स्वामी दयानन्द सरस्वती

(D) इनमें से कोई नहीं

https://www.bihartopper.com

4. किसने कहा, "बिहार के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं है।"?

(A) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

(B) नरेन्द्र मोदी

(C) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

(D) इनमें से कोई नहीं

5. बोलीविया में जनसंघर्ष का मुख्य कारण था

(A) पानी की कीमत में वृद्धि

(B) खाद्यान्न की कीमत में वृद्धि

(C) पेट्रोल की कीमत में वृद्धि

(D) इनमें से कोई नहीं

6. टाटा आयरन एण्ड स्टील कम्पनी की स्थापना की गई

(A) 1854 में

(B) 1907 में

(C) 1915 में

(D) 1923 में

7. गुटेनवर्ग का जन्म हुआ था?

(A) अमेरिका में

(B) जर्मनी में

(C) जापान में

(D) इंग्लैण्ड में

8. वर्तमान में नेपाल की शासन-प्रणाली क्या है?

(A) लोकतंत्र

(B) राजतंत्र

(C) सैनिकतंत्र

(D) इनमें से कोई नहीं

9. 'वार एंड पीस' किसकी रचना है ?

(A) कार्ल मार्क्स

(B) लियो टॉलस्टॉय

(C) दोस्तोयेव्स्की

(D) ऐंजल्स

10. किसने कहा- "संसाधन होते नहीं, बनते हैं। "?

(A) जिम्मरमैन

(B) महात्मा गाँधी

(C) संदीप पांडेय

(D) इनमें से कोई नहीं

11. सुनामी कहाँ आती है ?

(A) स्थल

(B) समुद्र

(C) आसमान

(D) इनमें से कोई नहीं

12. अंगकोरवाट के मंदिर का निर्माण किस शासक के द्वारा करवाया गया ?

(A) सूर्यवर्मन द्वितीय (II)

(B) नोरोदोम सिहानॉक

(C) कुआंग

(D) इनमें से कोई नहीं

13. W.T.O. (विश्व व्यापार संगठन) की स्थापना किस वर्ग की गई ?

(A) 1995

(B) 1994

(C) 1996

(D) इनमें से कोई नहीं

14. सिखों के दसवें और अंतिम गुरु श्री गोबिन्द सिंह का जन्म बिहार के किस नगर में हुआ था ?

(A) मुंगेर

(B) खगड़िया

(C) पटना

(D) इनमें से कोई नहीं

15. यूरेनियम का प्रमुख उत्पादक केन्द्र है।

(A) डिगबोई

(B) झरिया

(C) घाटशिला

(D) जादूगोड़ा

16. नई आर्थिक नीति में किसे सम्मिलित नहीं किया गया है ?

(A) नियंत्रित अर्थव्यवस्था

(B) उदारीकरण

(C) वैश्वीकरण

(D) इनमें से कोई नहीं

17. निम्न में से कौन बीमारू (BIMARU) राज्य है ?

(A) बिहार

(B) मध्यप्रदेश

(C) ओडिशा

(D) इनमें से सभी

18. भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 में देश के सभी नागरिकों को कौन सा मूल अधिकार दिया गया है ?

(A) स्वतंत्रता का अधिकार

(B) समानता का अधिकार

(C) संवैधानिक उपचार का अधिकार

(D) इनमें से कोई नहीं

19. निम्न में से किसको प्राथमिक क्षेत्र कहा जाता है ?

(A) सेवा क्षेत्र

(B) कृषि क्षेत्र

(C) औद्योगिक क्षेत्र

(D) इनमें से कोई नहीं

20. टीपू सुल्तान शासक थे

(A) मैसुर

(B) शिमला

(C) कश्मीर

(D) इनमें से कोई नहीं

21. साम्प्रदायिक राजनीति आधारित होती है

(A) धर्म पर

(B) जाति पर

(C) क्षेत्र पर

(D) इनमें से कोई नहीं

22. पंचायती राज व्यवस्था सर्वप्रथम किस राज्य में लागू किया गया ?

(A) राजस्थान

(B) बिहार

(C) उत्तराखंड

(D) मध्यप्रदेश

23. राजनीतिक दलों की मान्यता और उसका चिह्न किसके द्वारा प्रदान किया जाता है ?

(A) राष्ट्रपति

(B) प्रधानमंत्री

(C) निर्वाचन आयोग

(D) इनमें से कोई नहीं

24. भारत का राष्ट्रीय पक्षी है

(A) कबूतर

(B) हंस

(C) मोर

(D) तोता

25. संचार का सबसे लोकप्रिय साधन है

(A) सार्वजनिक टेलीफोन

(B) मोबाईल

(C) रेडियो

(D) इनमें से कोई नहीं

26. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस किस तिथि को मनाया जाता है ?

(A) 7 मार्च

(B) 8 मार्च

(C) 9 मार्च

(D) 10 मार्च

27. योजना आयोग को भंग कर कौन-सा आयोग बना ?

(A) नीति आयोग

(B) वित्त आयोग

(C) राज्य वित्त आयोग

(D) इनमें से कोई नहीं

28. लोकतंत्र की सफलता निर्भर करती है

(A) नागरिकों की उदासीनता पर

(B) नागरिकों की गैर-कानूनी कार्रवाई पर

(C) नागरिकों की विवेकपूर्ण सहभागिता पर

(D) इनमें से कोई नहीं

29. भारतीय जनता पार्टी की स्थापना कब हुई ?

(A) 1979

(B) 1980

(C) 1981

(D) इनमें से कोई नहीं

30. 'सूचना का अधिकार अधिनियम' कानून कब लागू हुआ ?

(A) 2004

(B) 2005

(C) 2006

(D) 2007

31. निम्नलिखित नदियों में से किसे 'बिहार का शोक' कहा जाता है?

(A) गंगा

(B) गंडक

(C) कोसी

(D) पुनपुन

32. वृहद क्षेत्र में जल की उपस्थिति के कारण ही पृथ्वी को कहते हैं।

(A) उजला ग्रह

(B) नीला ग्रह

(C) लाल ग्रह

(D) हरा ग्रह

33. प्राथमिक ऊर्जा का उदाहरण कौन-सा नहीं है ?

(A) कोयला

(B) विद्युत

(C) पेट्रोलियम

(D) प्राकृतिक गैस

34. भारत में वित्तीय वर्ष होता है।

(A) 1 जनवरी से 31 दिसंबर तक

(B) 1 जुलाई से 30 जून तक

(C) 1 अप्रैल से 31 मार्च तक

(D) इनमें से कोई नहीं

35. इनमें से कौन सा संस्थागत वित्त का साधन है ?

(A) सेठ-साहूकार

(B) रिश्तेदार

(C) व्यावसायिक बैंक

(D) इनमें से कोई नहीं

36. संजय गाँधी जैविक उद्यान किस नगर में स्थित है ?

(A) राजगीर

(B) बोधगया

(C) बिहार शरीफ

(D) पटना

37. निम्नलिखित उद्योगों में से कौन-सी कृषि पर आधारित नहीं है?

(A) सूती वस्त्र

(B) सीमेंट

(C) चीनी

(D) जूट वस्त्र

38. सौर ऊर्जा निम्नलिखित में से कौन-सा संसाधन है?

(A) मानवकृत

(B) नवीकरणीयं

(C) अजैव

(D) अनवीकरणीय

39. चावल है

(A) खरीफ फसल

(B) रबी फसल

(C) जायद फसल

(D) इनमें से कोई नहीं

40. राष्ट्रीय विकास परिषद का गठन कब हुआ था ?

(A) 1950

(B) 1951

(C) 1952

(D) इनमें से कोई नहीं

खण्ड-ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

इतिहास / History

निर्देश : प्रश्न- संख्या 1 से 5 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

1. मेजिनी कौन था ?

2. पूँजीवाद क्या है ?

3. हिन्द- चीन में फ्रांसीसी प्रसार का वर्णन करें।

4. न्यूनतम मजदूरी कानून कब पारित हुआ और इसके क्या उद्देश्य थे ?

5. छापाखाना यूरोप में कैसे प्रारंभ हुआ?

निर्देश : प्रश्न-संख्या 6 से 7 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।

6. रूसी क्रांति के कारणों की विवेचना करें।

7. भूमंडलीकरण के कारण आमलोगों के जीवन में आने वाले परिवर्तनों को स्पष्ट करें।

राजनीति विज्ञान / (Political Science

निर्देश: प्रश्न संख्या 8 से 13 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

8. सामाजिक विभाजन से आप क्या समझते हैं ?

9. राजनीति दल लोकतंत्र में क्यों आवश्यक है ?

10. संघीय शासन की दो विशेषताएँ बताएँ।

11. सांप्रदायिकता क्या हैं?

12. पंचायती राज क्या है?

13. दबाव-समूह की परिभाषा दें।

निर्देश: प्रश्न संख्या 14 से 15 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।

14. भारतीय लोकतंत्र की दो चुनौतियों का वर्णन करें।

15. 'सूचना के अधिकार अधिनियम-2005' का संक्षिप्त विवरण अपने शब्दों में दें।

अर्थशास्त्र / Economics

निर्देश : प्रश्न-संख्या 16 से 18 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। 2 x 2 = 4

16. अर्थव्यवस्था किसे कहते हैं?

17. प्रतिव्यक्ति आय क्या है?

18. वस्तु विनिमय क्या है?

निर्देश : प्रश्न संख्या 19 से 20 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।

19. व्यावसायिक बैंक के प्रमुख कार्यों की विवेचना करें।

20. वैश्वीकरण के बिहार पर पड़े प्रभावों को बताएँ।

भूगोल / Geography

निर्देश : प्रश्न-संख्या 21 से 25 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं तीन प्रश्न का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

21. संसाधन को परिभाषित कीजिए।

22. जल संसाधन के क्या उपयोग है?

23. वन्य जीवों के ह्रास के लिए उत्तरदायी चार प्रमुख कारकों का उल्लेख करें।

24. झारखण्ड के मुख्य लौह अयस्क खनन केन्द्रों के नाम लिखिए।

25. भारतीय कृषि की पाँच प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करें।

निर्देश : प्रश्न-संख्या 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें।

26. जैव विविधता क्या है? यह मानव के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण है?

27. धात्विक एवं अधात्विक खनिजों में अंतर क्या है ?

आपदा प्रबंधन / Disaster Management

निर्देश: प्रश्न संख्या 28 से 31 तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। इनमें से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

28. भूकम्प के प्रभावों को कम करने वाले चार उपायों का उल्लेख करें।

29. आग आपदा के समय कौन से उपाय करना चाहिए?

30. सुखाड़ के लिए उत्तरदायी कारकों की विवेचना करें।

31. भू-स्खलन क्या है ?

https://www.bihartopper.com